## तिरंगा रैली 13 अगस्त को

**करौली** (नि.स.) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर करौली के तत्वावधान में प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्वराज अमृत महोत्सव को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया

करौली के निजी मैरिज गार्डन में आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी में कार्यक्रम के मुख्यवक्ता सह प्रान्त कार्यवाह दिनेश हलैना थे साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता ध्रुवघटा आश्रम के संत हरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने की साथ ही सवाईमाधोपुर विभाग प्रचारक मुकेश कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलन व मंगलाचरण के साथ की गई।कार्यक्रम में करौली नगर के सर्वसमाज के प्रबुद्धजनों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम में चार चाँद लगाये साथ ही तिरंगे के साथ देशभक्ति के गीतों के तरानों से पूरा माहौल देशभक्तिमय हो गया। मुख्य वक्ता दिनेश हलैना ने कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए कहा कि भारत सदैव महाशक्ति रहा है। भारत का गौरवशाली इतिहास हमें गर्व कराता है।भारत का व्यापार,उद्योगचिकित्सा पद्धति, विज्ञान व कृषि का स्तर सदैव उन्नत रहा है।

# भरतपुर में लोगों ने तिरंगा लहराया

**भरतपुर** (निस)। श्री मित्र भारत समाज संस्थान द्वारा 22वें रक्षाबंधन पर्व पर सैंकड़ों जरुरतमंद परिवारों को मिथलेश त्योहार किट जिसमे दाल, चावल, बूरा ,सेमई वितरित संस्थान के संस्थापक भगवत कटारा के सानिध्य में असीम कृपा मैरिज होम बासन गेट पाई बाग भरतपुर में वितरित किए गए। इस मौके पर आजादी की 75 वी वर्ष गांठ पर तिरंगा वितरित किए गए एवं कार्यक्रम के दौरान सैंकड़ों लोगों ने तिरंगा झंडा लहराया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम गणेश जी की मूर्ति पर अतिथियों द्वारा दीप प्रजलित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा, अध्यक्षता कुंदन लाल पूर्व मुख्य अभियन्ता ने की। विशेष अतिथि कैप्टन जय सिंह फौजदार, जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा,, आरती पाराशर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत संस्थान के ग्रामीण प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह फरसो, प्रदेश कार्यकारी महिला अध्यक्ष मधु सिंघल, प्रदेश महासचिव प्रदीप सिंघल, शिक्षाविद अजय कौशिक, चन्द्रभान माहोर , सोनू उपाध्याय ने स्वागत किया।



भरतपुर की बसंत विहार कॉलोनी निवासी महिलाओं ने शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

## सी.आर.पी.एफ. जवान की मौत

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। बयाना के बोरिया का पुरा निवासी सीआरपीएफ जवान की मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई । जिसे उपचार के लिए शहर के मोहन नगर स्थित जिला अस्पताल में लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना के बाद सीआरपीएफ के जवानों की अधिकारियों की मौजूदगी में मेडिकल टीम ने पोस्टमार्टम कर सब परिजनों को सौंप दिया ।

बयाना के बोरिया का पुरा निवासी रामनिवास पुत्र हरि सिंह झारखंड में सीआरपीएफ में तैनात है। जो गत दिनों छुट्टी आया हुआ था। बताया जा रहा है कि छुट्टी पूरी होने के बाद जवान मंगलवार को अपनी ड्यूटी पर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई । जिसे उपचार के लिए परिजनों ने बयाना के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया।

## सार-समाचार

### हाई वोल्टेज से उपकरण जले

**करौली** (नि.स.) । जिला मुख्यालय पर इन दिनों बिजली आपूर्ति की बिगड़ती स्थिति से शहर में उपभोक्ता बहुत परेशान है शहर में विद्युत प्रशासन की अनदेखी के चलते दिन भर विद्युत की अघोषित कटौती चलती रहती है जिससे लोग इन दिनों बढ़ती उमस से त्रस्त हैं इसके अलावा शहर में कई बार कई मोहल्लों में बिजली के हाई वोल्टेज आने से उपभोक्ताओं को लाखों रुपए के विद्युत उपकरणों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंगलवार को प्रातः 8बजे शहर के आदर्श नगर इनकम टैक्स ऑफिस के पास स्थित कॉलोनी में अकस्मात ही बिजली के हाई वोल्टेज आने से अधिकांश उपभोक्ताओं के विद्युत उपकरण जलकर नष्ट हो गए।

### 150 तिरंगा वितरित किए

**करौली** (नि.स.) । आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भारत विकास परिषद शाखा करौली के तत्वाधान में शाखा के वरिष्ठ सदस्य एवं भामाशाह कैलाश चंद बजाज के द्वारा पूरे बजाजा बाजार में लगभग 150 तिरंगा झंडों का वितरण किया। इस अवसर पर वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष विनोद बजाज,मंत्री सुरेन्द्र कुमार,परिषद के शाखा अध्यक्ष नगेन्द्र शर्मा, सचिव धर्मेंद्र सिंह जादौन, कोषाध्यक्ष गोविंद लोहे वाले, संरक्षक शंभू दयाल शर्मा,प्रांतीय पर्यावरण प्रकल्प प्रभारी सीताराम शर्मा, ए रमेश गर्ग,अशोक बजाज, विक्की बजाज आदि उपस्थित रहे।

# विश्व आदिवासी दिवस मनाया

**बामनवास**। बालाजी सेवा समिति ग्राम बाढ नयावास के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया एवं सामूहिक रूप से विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर स्वस्थ सामाजिक तस्वीर पेश करने का संदेश दिया गया । सबसे पहले आदिवासी महानायक बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई.. कार्यक्रम में विश्व आदिवासी दिवस के इतिहास एवं इसके महत्व पर कर्णफूल पीटीआई व अमरेश कुमार दोहरा विस्तार से अवगत कराते प्रकाश डाला गया..अपने वक्तव्य में पीटीआई ने कहा कि वर्तमान समय में भी आदिवासियों की मूल समस्याऐ जस की तस बनी हुई है व विभिन्न राज्यों में आदिवासियों पर सरकारी स्तर पर बरती जा रही उदासीनता पर चिंता जाहिर की.. वक्ताओं द्वारा चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि आए दिन आदिवासियों से उनकी जमीन छीन कर पूंजी पतियों को सौंपी जा रही है तथा आदिवासियों को जंगलों से खदेड़ कर बाहर किया जा रहा है उन्हें विस्थापित किया जा रहा है जो आदिवासियों को मिले संविधान प्रदत्त अधिकारों के विरुद्ध है। इस कार्यक्रम में मोहर सिंह, अमन प्रियांशु दिलीप आशीष खुशीराम अरुण आदि ने भी अपने सांस्कृतिक प्रस्तुति में गीत गाकर महोत्सव का आनंद लिया इस मौके पर गांव के कई युवा बच्चे एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## घर में घुसकर फायरिंग

**भरतपुर** (निस)। शहर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र की बुद्ध की हाट में पड़ोसी से किसी विवाद को लेकर झगड़ा इतना बढ़ गया कि घर में घुसकर फायरिंग व मारपीट की गई। इस मारपीट में एक महिला घायल हो गई। घटना की सूचना पाकर मथुरा गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित पक्ष ने इस घटना को लेकर मामला दर्ज करवाया है। हालांकि दूसरे पक्ष की ओर से अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है।

# खिलाड़ियों का चयन रविवार को

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित होने वाली कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन रविवार को साधना कॉलोनी स्थित क्रिकेट एकडमी में किया जावेगा।

जिला क्रिकेट संघ के सचिव शिवचरण माली व वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित होने वाली कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन रविवार को शहर की साधना कॉलोनी स्थित अजय क्रिकेट एकेडमी में ट्रायल के आधार पर किया जाएगा । उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभावान खिलाड़ी सुबह 8:00 बजे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित खिलाड़ी पोशाक में ट्रायल देने के लिए उपस्थित होवें । उन्होंने सभी खिलाडियों से मूल निवास प्रमाण पत्र, अधारकार्ड, जन्म तिथि प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति एवं छाया प्रति साथ लाने के निर्देश दिए हैं ।

**सूचना**

मैं वैकुण्ठी देवी पत्नि स्व. श्री देवेन्द्र कुमार नामा निवासी महाप्रभू जी का कुंज करौली शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र संतोष नामा पुत्र देवेन्द्र नामा 42 वर्ष आवारा हो गया था। जुए सट्टे का गलत शोक लग गया था। जिसके कारण मेरे पति ने अपने जीवन काल में करीब दस-बारह वर्ष पूर्व ही संतोष को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। घर से निकाल दिया था। संतोष 10-12 साल से हमारे साथ नही रहता है। हमारा उससे कोई सम्पर्क नहीं है। यदि कोई व्यक्ति रिस्तेदार संतोष को उधार रूपया देता है। या कोई भी लेन-देन करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। लेन-देन से हमारा कोई लेना देना नही है। संतोष का कोई हक-हिस्सा मेरी सम्पत्ति में नही है।

## 'युवा सही दिशा में कार्य करें'

**सूरौठ** (नि.सं.)। तहसील के लोकप्रिय आराध्य देव बूडन्दे बाबा मंदिर परिसर में आज मंगलवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का किया गया। आयोजन जिसमें गोष्ठी की अध्यक्षता डुम्माराम पटेल के द्वारा की गई। जिसमें कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत आदिवासी समाज के महापुरुषों व भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पटेल के माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस दौरान मास्टर कंचन लाल मीणा ने समाज के युवाओं को सही दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य धर्म सिंह मीणा ने कहा कि जल जमीन के लिए भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष को आदिवासी समाज सदियों तक याद रखेगा।

बत्तू मेंबर ने कहा कि प्रकृति प्रेमी आदिवासी समाज के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को विस्तार से बताया। अमर सिंह मीणा ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए जो भगवान बिरसा मुंडा ने जो संघर्ष किए हैं उनसे हमें सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए । कार्यक्रम का मंच संचालन आदिवासी मीणा महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष विश्राम मीणा के द्वारा किया गया।

## महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन

**भरतपुर** (निस)। मंगलवार को अगस्त क्रान्ति दिवस पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गौरव तिरंगा यात्रा के अवसर पर जिला कांग्रेस भरतपुर द्वारा प्रदेश कांग्रेस के निर्देषानुसार स्थानीय गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया व वहां से कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झण्डा लिए हुए नारे लगाते हुए लक्ष्मण मंदिर पहुँचे।

इस मौके पर वरिश्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान, डिप्टी मेयर गिरीष चौधरी, पी.सी.सी. सदस्य साहब सिंह एडवोकेट, धर्मेन्द्र षर्मा, षहर अध्यक्ष संजय षुक्ला, सेवर अध्यक्ष सतीष सोगरवाल, पार्शद रेनू गोरावर, दाऊदयाल, रामेष्वर सैनी, षैलेष पाराषर, किषोर सैनी, अषोक लवानियां, रमेष पाठक, सचिन मित्तल, योगेष सिंघल, राजेन्द्र सारस्वत, युदनाथ दारापुरिया आदि मौजूद थे।

# विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया

**करौली** (नि.स.) । राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा संस्थान के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी की अध्यक्षता में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया।

- **समारोह में आदिवासी समाज की परम्पराओं पर चर्चा की**

प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार नारौली ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष एवं उपस्थित अतिथियों ने बाबा साहेब अंबेडकर एवं बिरसा मुंडा के चित्रपट्ट पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर की।कार्यक्रम में करौली के पूर्व विधायक सुरेश मीणा,गोरेलाल गढ़ी,बनै सिंह रानौली,अमरसिंह नीमरोट,डॉ. कल्याण लाल, फूलचंद जाटव,रामस्वरूप ठेकेदार,प्रदेश उपाध्यक्ष रामकेश सेवियापुरा,रघुनाथ सेवानिवृत बीईईओ,दुर्गा फोरेस्टर, प्रभाव चौधरी, श्रीराम फौजी, मोतीलाल फाजिलाबाद, चंपू हिंगोट,जयसिंह झारौटी,महावीर बड़ागांव,राजकुमार बीलवाड,भूरसिंह करौली,शिवराम रूंधपुरा,रामबाबू लांगरा,गोकुल करणपुर,गजराज कमीश्नर,बद्री एक्सईएन , छुट्टन लाल, पूर्व पार्षद विजय जाटव, जय सिंह रतियापुरा, रामधन डाबिर आदि ने जल,जमीन,जंगल के साथ साथ आदिवासी समाज की परम्पराओं,रीति रिवाजों,सभ्यता संस्कृति,संविधान से प्रदत्त अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में काडू राम एंड पार्टी पहाड़पुरा, रमेश एण्ड पार्टी खानपुर एवं श्रीराम एण्ड पार्टी रामगढ़ ने कीर्तन के माध्यम से आदिवासी संस्कृति को संगीत के माध्यम से व्यक्त किया।

# स्वाभिमान अभियान का स्टीकर जारी



उपखंड अधिकारी अनूप सिंह ने मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान स्टीकर का विमोचन किया ।

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। संविधान की पालना के प्रति नागरिकों को जागरूक करने हेतु चलाए जा रहे मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान अभियान का मंगलवार को उपखंड अधिकारी अनूप सिंह ने स्टीकर का विमोचन करते हुए शुभारंभ किया।

अभियान से जुड़े हुए पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने बताया कि जागरूक नागरिकों द्वारा प्रदेश भर में संविधान की पालना सुनिश्चित कराने हेतु जागरूकता अभियान मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उपखंड अधिकारी तथा रूल ऑफ लॉ के लिए पहचाने जाने वाले अनूप सिंह द्वारा स्टीकर का विमोचन किया गया। प्रचार सामग्री में वाहनों पर लगाने वाले स्टीकर तथा नागरिकों तक संविधान का पैगाम पहुंचाने के लिए संविधान की प्रस्तावना की प्रति बांटी गई। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति नफीस अहमद के साथ रेडीमेड व्यवसाई रिंकी गुंबर, बबलू धाकड़, बजरंग फौजदार,रामकेश बाबू, सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

